आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.10 सोमवार                                        दिनांक 12.08.2024

मुख्य समाचारः—

1— केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने नवा रायपुर में वन विभाग के नव—निर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ किया।

2— देशव्यापी नशामुक्ति अभियान के तहत आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में विद्यार्थियों और आमजनों को शपथ दिलाई गई।

3— हर घर तिरंगा अभियान के तहत कल रायपुर के इंडोर स्टेडियम में ''जोहार तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

और

4— मौसम विभाग के अनुसार कल उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हो सकती है भारी वर्षा।

...........

केन्द्रीय मंत्री—हाथी दिवस

केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अब से कुछ देर पहले नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में नव—निर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ

किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप और केन्द्रीय वन महानिदेशक जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। केन्द्रीय वन मंत्री विश्व हाथी दिवस पर आज शाम रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भी शाामिल होंगे। यह कार्यक्रम केन्द्र और राज्य सरकार के वन मंत्रालय द्वारा हाथियों के संरक्षण और संवर्धन पर केन्द्रित है।

## नशामुक्ति अभियान

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आज पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा लेने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने आज नई दिल्ली में नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। इस वर्ष का विषय है – ''विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र''।

देशव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को शपथ दिलाई गई। इन कार्यक्रमों से केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार वर्चुअल रूप से जुड़े।

रायपुर स्थित जे.आर.दानी स्कूल की छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर रायपुर कलेक्टर ने कहा कि हमारी कोशिश है कि युवा पीढ़ी को इस बुरी आदत से बचाएं और उन्हें एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करें।

अन्य जिलों में भी स्कूलों और शासकीय कार्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन कर शपथ दिलाई गई तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनेक जिलों में छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

मुख्यमंत्री–कृषि किस्म

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उच्च उत्पादन क्षमता वाली जलवायु अनुकूल और बायोफोर्टिफाइड फसलों की एक सौ नौ किस्मों को जारी करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इनमें चौंतीस खेत की फसलें और सत्ताईस बागवानी की फसलें शामिल हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक धान की ऐसी किस्में तैयार की गई है, जिसमें बीस प्रतिशत कम पानी लगेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा की फसलों की इन नई किस्मों से छत्तीसगढ़ में धान की उत्पादन क्षमता में और वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सोशल मीडिया एक्स पर कृषि के क्षेत्र में इस क्रांतिकारी कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया है।

उच्च न्यायालय–अतिरिक्त न्यायाधीश

अधिवक्ता बिभु दत्त गुरु और अमितेंद्र किशोर प्रसाद को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में केन्द्र सरकार के विधि और न्याय मंत्रालय ने आज अधिसूचना जारी कर दी है।

इन जजों की नियुक्ति प्रभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए होगी। जजों की नियुक्ति के बाद छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अब न्यायाधीशों की संख्या सत्रह हो गई है, जबकि प्रदेश के लिए न्यायाधीशों के कुल बाईस पद स्वीकृत है।

हर–घर तिरंगा अभियान

हर घर तिरंगा अभियान के तहत कल तेरह अगस्त को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में ''जोहार तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संध्या छह बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर देश के जाने माने गायक कैलाश खेर और साथियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन संस्कृति विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

उधर, सक्ती जिले के जैजेपुर में आजादी की सतहत्तरवीं वर्षगांठ पर सतहत्तर मीटर तिरंगा लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।

वहीं, रायपुर में मसीही समाज द्वारा कल तेरह अगस्त को तिरंगा रैली निकाली जाएगी। साथ ही पन्द्रह अगस्त को सेंट पॉल्स कैथेड्रल की पास्ट्रेट यूथ फैलोशिप द्वारा प्रदेश स्तरीय देशभक्ति गीत–संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। कल विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

गृह निर्माण मंडल–राशि

आवास और पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अंतर्गत हितग्राहियों के लंबित भुगतान के लिए धनराशि वापसी के निर्देश दिए हैं। इस पहल से लगभग एक सौ अट्ठासी परिवारों को तीन करोड़ रूपए से अधिक राशि मंडल द्वारा वापस की गई हैं। गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि पात्र लाभार्थियों को भुगतान में देरी हो रही थी। इस पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा त्वरित कार्रवाई कर पात्र हितग्राहियों को धन वापसी की गई है।

'एक पेड़ मां के नाम'

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल पंचायत और ग्रामीण विकास संस्थान में नीम का पौधा लगाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सचिव निहारिका बारिक सिंह, राजेश सिंह राणा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक रजत बंसल और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भी विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए।

ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पन्द्रह अगस्त को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिला मुख्यालय में जबकि उप मुख्यमंत्री अरूण साव बिलासपुर में तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बस्तर में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव में, मंत्री रामविचार नेताम सरगुजा में, दयालदास बघेल महासमुंद में, केदार कश्यप दुर्ग में, लखन लाल देवांगन कोरबा में, श्याम बिहारी जायसवाल बलौदाबाजार–भाटापारा में, ओ.पी चौधरी जांजगीर–चांपा में, लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर–रामानुजगंज में, टंक राम वर्मा सांरगढ़–बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

मुख्यमंत्री–मिनीमाता दिवस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल राजनांदगांव के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित मिनीमाता निर्वाण दिवस और जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह का नाम संत गुरू घासीदास बाबा के नाम पर रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव, सोनेसरार, साकरदाहरा ओर मोतीपुर गांव में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए दस–दस लाख रूपए देने की घोषणा की। साथ ही शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव में मिनीमाता की प्रतिमा स्थापना के लिए पांच लाख रूपए देने का ऐलान किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय भी मौजूद थे।

लखन लाल देवांगन–पुस्तक विमोचन

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में शुरू हुआ है। इसका औपचारिक उद्घाटन आज सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अग्रवाल ने किताबे जीवन का आधार है, प्रमाण है बताते हुए, नई पीढी को देश के संस्कार, संस्कृति और गौरव को जानने के लिए किताबे पढ़ने का आवाहन किया। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवरों ने इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम भाग लिया।

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन कोरबा में पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन समिति द्वारा आयोजित अभिनंदन और पुस्तक विमोचन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने तीन साहित्यकारों की पुस्तकों – बहतरीन के दुलरवा, मधु मंजरी और पारस पखना का

विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साहित्य भवन में विभिन्न विकास और विस्तार कार्य के लिए विधायक निधि से बीस लाख रूपए देने की घोषणा की।

<u>सावन सोमवार</u>

आज सावन का चौथा सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेशभर के शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। भक्तों द्वारा लाए गए विभिन्न नदियों के जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जा रहा है। राजधानी रायपुर के शिवालयों में भी आज सुबह से ही शिवभक्तों की कतार लगी रही। बुढ़ेश्वर महादेव, हटेकश्वर नाथ मंदिर महादेवघाट सहित सभी मंदिरों में कावड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया गया। दुर्ग जिले के अकोला स्थित प्राचीन शिवमंदिर में पांच सौ अधिक कावड़ियों ने जलाभिषेक किया।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कांवड़ियों को भोजन का वितरण भी किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक एक सौ पचास किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ियों के लिए पन्द्रह से अधिक स्थानों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पेट्रोलिंग टीमें और अनुविभागीय अधिकारियों की तैनाती की गई है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री ने आज अमरकंटक स्थित नर्मदा मैय्या मंदिर और जलेश्वर महादेव मंदिर पहुँचकर पूजा–अर्चना की और प्रदेशवासियों के लिए सुख–शांति–समृद्धि की कामना की।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा झारखंड और उसके आसपास स्थित है। इसके असर से उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की आशंका जताई गई है।

संक्षिप्त समाचार

– राज्य शासन के नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने पांच नवगठित नगर पालिकाओं और चौदह नगर पंचायतों में प्लेसमेंट पर दस–दस पदों की स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज रायपुर के पटवारी बृजेश मिश्रा को दस हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पटवारी ने दो लोगों से जमीन के खसरा नंबर में सुधार के लिए तीस हजार रूपए की मांग की थी, जिसकी शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

– केन्द्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा चौदह से सोलह अगस्त तक बिलासपुर स्थित चिंगराज पारा के शासकीय स्कूल में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

और

–	जगदलपुर के आड़ावाल स्थित जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कल तेरह अगस्त को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी संस्थानों के कुल इकतीस पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>